# उद्योग बंधु की बैठकों में भी हिस्सा लेंगे उद्यमी मित्र

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नवनियुक्त सभी 102 उद्यमी मित्रों को जिलों और औद्योगिक विकास से जुड़े विभागों में तैनात किया जाएगा। ये उद्यमियों व सरकारी मशीनरी के बीच सेतु की तरह काम करेंगे। उद्यमी मित्र उद्योग बंधु की बैठकों में हिस्सा लेंगे और उद्यमियों की समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

सीएम ने कहा कि यदि स्थानीय स्तर पर समाधान नहीं होता है तो उसकी जानकारी विभाग और शासन स्तर पर दें। जिस तरह सीएम फैलोशिप से जुड़े युवा पिछड़े विकासखंडों में शासन की तीसरी आंख की तरह कार्य करते हैं, उद्यमी मित्रों को भी उसी तरह काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कोई मानने को तैयार नहीं था कि यूपी में इतने अच्छे प्रस्ताव आएंगे, लेकिन मुझे भरोसा था। पहले कार्यकाल में इन्वेस्टर्स समिट में 20 हजार करोड़ के निवेश की रूपरेखा अफसरों ने बनाई। लेकिन, केवल एक रोड शो किया और ढाई लाख करोड़ का निवेश मिला। रोड शो में उद्यमियों ने तब कहा था कि वह कसम खा चुके थे कि यूपी में नहीं आएंगे। आप कह रहे हैं तो निवेश करेंगे। दूसरे कार्यकाल में सात लाख करोड़ का प्रस्ताव अफसरों ने बनाया। हमने तमाम नीतियां बनाई और बदलाव किए। इसका असर दिखा और 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आ गए। ब्यूरो